तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 16.7 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

15 होली में डीजे-मुखौटे प्रतिबंधित, तेज गति से...

16 डॉयल-112 सेवा सभी जिलों में शुरू करने की तैयारी...

शराब घोटाला : एपी त्रिपाठी समेत 3 को मिली जमानत, ढेबर और टुटेजा की याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाले में जेल में बंद आरोपियों की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में अरुणपति त्रिपाठी, दीपक दुआरी और अनुराग द्विवेदी को जमानत दे दी है। हालांकि रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज कर दी गई, जिससे उन्हें जेल में ही रहना होगा। इस मामले में आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पैरवी की। अनुराग द्विवेदी और दीपक दुआरी के लिए सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल और शशांक मिश्रा, जबकि अरुणपति त्रिपाठी के लिए सीनियर एडवोकेट मीनाक्षी माथुर ने दलीलें पेश कीं। ▶▶| शेष पेज 16 पर

आरोपियों को अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे

शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में भी एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। इसके अनुसार साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।

9 महीने से जेल में हैं त्रिपाठी

ध्यान रहे कि अरुणपति त्रिपाठी 8 अगस्त 2024 से न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद हैं। अरुणपति त्रिपाठी छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग के विशेष सचिव रह चुके हैं। इससे पहले वे छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी भी रहे हैं। त्रिपाठी मूल रूप से इंडियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारी हैं और डेपुटेशन पर छत्तीसगढ़ में कार्यरत थे। शराब घोटाले में उनकी भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5 अक्टूबर 2024 को रायपुर की विशेष अदालत में उनके खिलाफ पूरक अभियोजन परिवाद दायर किया। कोर्ट ने उसी दिन इस मामले पर संज्ञान लिया था, लेकिन 7 फरवरी 2025 को हाईकोर्ट ने पीएमएलए कोर्ट के संज्ञान को रद्द कर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान हार्ट अटैक से एसआई कैंडिडेट की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंदखुरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को एक सब इंस्पेक्टर अभ्यर्थी की प्रशिक्षण के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। दौड़ लगाने के दौरान कैंडिडेट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद अभ्यर्थी को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हार्ट अटैक से जिस कैंडिडेट की मौत हुई है, 10 मार्च को नियुक्ति पत्र देने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सूची में नाम शामिल था।

- मृतक के भाई ने फिजिकल टेस्ट पर उठाए सवाल

एसआई प्रशिक्षण के दौरान जिस कैंडिडेट की मौत हुई है, उसका नाम राजेश कुमार कोसरिया है। राजेश मूलतः महासमुंद, सपोस का रहने वाला है। ▶▶| शेष पेज 16 पर

परिजनों का व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह

मृतक के भाई कमलेश ने सिस्टम पर प्रश्नचिन्ह खड़े करते हुए जांच की मांग की है। मृतक के भाई ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि एसआई भर्ती के दौरान उसके भाई की अगर सही ढंग से मेडिकल जांच होती, तो जांच में हार्ट में कमजोरी की जानकारी पहले मिल जाती। मृतक के भाई का कहना है कि शहर से काफी दूर प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है, प्रशिक्षण केंद्र में अस्पताल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अस्पताल होने पर राजेश की जान बच जाती। मृतक के भाई के अनुसार उसके भाई को अस्पताल लाने में एक घंटे लग गए।

अस्पताल की दुकानों से दवा खरीदने दबाव, अब मरीजों को देनी होगी प्रिस्क्रिप्शन लिस्ट, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के साथ ही निजी अस्पताल वाले मरीज और अटेंडरों को अपने ही मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदने धमकाते हैं। इस तरह की शिकायत के बाद सीएमएचओ द्वारा तमाम नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस जारी कर मरीजों को अनिवार्य रूप से प्रिसक्रिप्शन लिस्ट देने का निर्देश दिया गया है। अस्पताल की दवा दुकान से खरीदी करने का दबाव बनाने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा ▶▶| शेष पेज 16 पर

- सीएमएचओ ने जारी किया तमाम नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस

हर अस्पताल में दवा दुकान

राजधानी समेत राज्यभर में संचालित हर छोटे-बड़े अस्पतालों द्वारा परिसर में मेडिकल स्टोर्स संचालित किए जाने का ट्रेंड चल चुका है। इसके अलावा छोटे-मोटे क्लीनिक चलाने वाले डाक्टर भी ओपीडी में आने वाले मरीजों को उसी दवा की पर्ची देते हैं, जो उनकी एकमात्र पसंदीदा दुकानों में मिलती है, इसके बदले कमीशन का खेल होता है।

कार्रवाई होगी

मरीजों पर अस्पताल कैंपस की दुकानों से दवा खरीदने दबाव नहीं बनाया जा सकता। तमाम निजी अस्पतालों को मरीजों को प्रिस्किप्शन लिस्ट जारी करने नोटिस दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

फंड की कमी, खुद का ऑडिटोरियम नहीं बनवा सका विधि विवि, इस बार भी 'किराए में आयोजन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि का आठवां दीक्षांत आज आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी जीवन का यह महत्वपूर्ण आयोजन इस बार भी विवि कैंपस में आयोजित नहीं किया जा सकेगा। इसके स्थान पर विधि विवि ने जीई रोड स्थित एक निजी होटल का चुनाव किया है। पिछली बार भी एचएनएलयू ने अपने दीक्षांत का आयोजन यहीं किया था। विवि कैंपस में स्थित ऑडिटोरियम की क्षमता केवल 350 विद्यार्थियों की है। जबकि दीक्षांत में 700 के ▶▶| शेष पेज 16 पर

- आज आयोजित किया जाएगा विधि विवि का आठवां दीक्षांत समारोह

प्रयास चल रहा है

हम नए ऑडिटोरियम के लिए प्रयासरत हैं। आर्किटेक्ट को भी जल्द ही डिजाइन के लिए संपर्क करेंगे।

- डॉ.दीपक श्रीवास्तव
रजिस्ट्रार, एचएनएलयू

1500 सीटर होगा नया ऑडिटोरियम

विवि का नया ऑडिटोरियम 1500 सीटर होगा। दीक्षांत के अलावा यहां अन्य आयोजन भी भव्य रूप से आयोजित किए जा सकें, इसका ध्यान रखा जा रहा है। विवि ने ऑडिटोरियम निर्माण की योजना तैयार कर ली है। इसके डिजाइन के लिए आर्किटेक्ट को प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा रिहर्सल का आयोजन दीक्षांत के एक दिन पूर्व कराया जाता है, जबकि विधि विवि प्रातःकाल रिहर्सल करवाकर दोपहर में दीक्षांत करवाएगा। विवि प्रबंधन का कहना है कि ऐसा भवन नहीं होने के कारण नहीं किया जा रहा है, बल्कि छात्रों की सुविधा को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। कई छात्र कामकाजी हैं। ऐसे में दो दिन का समय निकाल पाना उनके लिए संभव नहीं हो पाता है।

उत्तरी हवा के असर से दो दिन से सुबह ठंड, अब कम होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर दिशा की हवा के साथ राज्य में सुबह के वक्त लौटी गुलाबी ठंड का असर एक बार फिर कम होगा। राज्य में पिछले दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो से छह डिग्री तक कमी आई थी। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से अब सप्ताहभर गर्मी बढ़ने का दौर चलेगा।

पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने के बाद राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव हुआ था। इसके पहले तक रात का तापमान काफी बढ़ गया था और दिन की तेज धूप के बाद रात को भी राहत महसूस नहीं हो रही थी। दो दिन में रात का न्यूनतम तापमान कम हुआ और ठंड की वापसी हुई थी। सुबह-सुबह घरों में चलने वाले पंखे की रफ्तार कम हो गई थी और लोगों ने गुलाबी ठंड महसूस की। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अब पूर्वी हवा का घटक प्रबल होने से अब सप्ताहभर दिन और रात को गर्मी बढ़ने की उम्मीद है। इन दिनों में दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक होने की संभवना है। अभी भारतीय सीमा को प्रभावित करने नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसके असर से आने वाले दिनों में कुछ जिलों में बादल रह सकते हैं। शुक्रवार को सुबह ठंड के बाद दिन के साथ पारा चढ़कर 34.5 डिग्री तक पहुंच गया। इसके असर से तेज गर्मी महसूस होती रही।

- दो दिन में छह डिग्री तक कम हुआ न्यूनतम तापमान

सीजीएमएससी खरीदी घोटाला...

अजय ने पूछा- बिना मांग जिन अफसरों ने खरीदी की, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की वो बताएं

श्याम बिहारी : जांच ईओडब्ल्यू के हवाले, अफसरों को सूली पर लटकाने का अधिकार मंत्री को नहीं

श्यामबिहारी-अजय के बीच तीखी नोंकझोंक, मंत्री ने कहा-15 अफसरों के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने एक बार फिर सदन में सरकार को घेरा। स्वास्थ्य विभाग में उपकरण खरीदी में हुए घोटाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने बगैर राशि के खरीदी को लेकर सवाल उठाया, साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी मांगी।

- मंत्री बोले- 2024-25 में 120 करोड़ का प्रावधान था, लेकिन 385 करोड़ रुपए की खरीदी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि विभागीय जांच के आदेश दिए थे। पता चला कि उसमें विभागीय अफसर मिले हुए हैं। उसके बाद ईओडब्ल्यू को मामला सौंपा गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पैसा उपलब्ध नहीं था, फिर भी डिमांड की गई, इसमें जो भी अफसर जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अजय चंद्राकर ने पूछा कि डायरेक्टर हेल्थ ने उपकरण खरीदी के लिए डिमांड की थी, जिसकी खरीदी सीजीएमएससी की ओर से की गई। कितनी सामग्री की डिमांड की गई और कितनी राशि खरीदी के लिए उपलब्ध कराई गई? कितने दिन में उपकरणों और सामान की सप्लाई की गई? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जवाब दे रहे थे कि अचानक अजय चंद्राकर फिर उठ खड़े हुए और अपना सवाल फिर दोहराया, लेकिन श्याम बिहारी जायसवाल ने जो जवाब दिया उससे अजय चंद्राकर संतुष्ट नजर नहीं आए और सदन में दोनों सदस्यों के बीच गहमागहमी का माहौल बन गया। मंत्री ने बताया कि 2020-21 में 11.20 करोड़ रुपए, 2021-22 में 3.15 करोड़, 2022-23 में 83.82 करोड़ और 2023-24 में 81 लाख की खरीदी की गई।

इसी प्रकार रीएजेंट खरीदी का ब्योरा देते हुए उन्होंने बताया कि 2020-21 में 20.48 करोड़, 2021-22 में 88 करोड़, 2022-23 में 324 करोड़ और 2023-24 में 384 करोड़ की खरीदी की, जिसका भुगतान 47 करोड़ किया गया। 338 करोड़ का भुगतान शेष है।

पैसा नहीं था फिर भी डिमांड से ज्यादा खरीदी

अजय चंद्राकर ने इस पर सवाल उठाया कि पैसा उपलब्ध नहीं था फिर भी डिमांड की गई। उससे ज्यादा की खरीदी कर ली गई। इस प्रकरण में क्या-क्या अनियमितता दिखी। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि 2024-25 में 120 करोड़ रुपए का प्रावधान था, लेकिन 385 करोड़ रुपए की खरीदी कर ली गई। मंत्री ने कहा इसकी जानकारी होने पर 12 जनवरी 2024 को ही प्रकरण जांच के लिए भेज दिया गया था। सीजीएमएससी में अफसरों का एक बड़ा रैकेट काम कर रहा था, जांच में शामिल अफसर भी मिले हुए थे। अतः मामला ईओडब्ल्यू को जांच के लिए सौंपा गया।

सप्लायर ने बाजार दर से अधिक पर की सप्लाई

श्री चंद्राकर ने सवाल उठाया कि अब तक केवल सप्लायर पर कार्रवाई की गई है। सप्लाईकर्ता ने क्या गड़बड़ी की थी। मंत्री ने बताया कि सप्लायर ने बिना डिमांड दवाओं की बाजार दर से 8 से 10 गुना अधिक में दवाओं की खरीदी कर सप्लाई की। जिन मशीनों की सप्लाई की, उसे ऑपरेट करके भी देना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। आज भी 700 मशीन चालू नहीं हो पाई। पूरे मामले में जांच के बाद पता चलेगा कि सप्लायर के अलावा कौन-कौन अफसर शामिल हैं।

15 अफसरों के खिलाफ हो रही जांच

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हमने जांच रिपोर्ट मंगाई है। 15 अफसरों के खिलाफ ईओडब्ल्यू को हमने जांच सौंपी है। अजय चंद्राकर ने पूछा क्या मोक्षित कॉर्पोरेशन ने गड़बड़ी की है, इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बगैर मांग के सप्लाई की। तय दर से कई गुना अधिक कीमत पर सामान की आपूर्ति की गई। प्रथम दृष्टया सप्लायर को जेल में डाला गया है, जांच जारी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा

1089 डॉक्टरों की भर्ती का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा

विधानसभा में विधायकों ने अपने क्षेत्रों में डॉक्टरों के कई पद खाली होने का सवाल उठाया। सदस्यों ने मंत्री से जानना चाहा कि चिकित्सा विभाग में चिकित्सकों की कमी पर कब भर्ती होगी। विधायकों के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। उन्होंने कहा, डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द डॉक्टरों की भर्ती की जा रही है।

कई क्षेत्रों में डाक्टरों की कमी का मामला विधानसभा में उठा

1089 पदों पर भर्ती की जा रही है। उसकी प्रक्रिया जल्द की जाएगी। वित्त से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। 225 स्टाफ नर्सों की भी भर्ती होगी। जल्द ही बॉन्ड से भर्ती हो जाएगी। विधायक संगीता सिन्हा ने पूछा कि संजारी बालोद में डॉक्टरों की कितनी संख्या है। क्या मंत्री उसकी जानकारी दे पाएंगे। मंत्री ने जवाब दिया 343 स्वीकृत पद में से 222 कार्यरत है, 123 रिक्त है। एनएचएम में 226 पद है, 216 भरे हैं, सिर्फ 10 पद खाली हैं। संजारी बालोद में एनएचएम में 95 प्रतिशत स्टाफ है, डीसीएच के 65 प्रतिशत स्टाफ है। विधायक ने कहा, संजारी बालोद में एक भी महिला, मनोरोग, और चिकित्सा विशेषज्ञ नहीं है, इस पर ध्यान दिया जाए। यदि डॉक्टर नहीं ला सकते, तो अस्पताल बंद कर दीजिए। स्टाफ नहीं है। एक्सीडेंटल केस आने में ज्यादा परेशानी होती है। उन्होंने सवाल पूछा कि प्रसव के प्रकरण में कितने सीजेरियन प्रसव आए, कितने निजी अस्पताल में रेफर किया। विधायक ने कहा जब प्रसव के लिए महिलाएं अस्पताल जाती हैं, वहां एक दिन रखा जाता है, उसके बाद जब प्रसव नॉर्मल नहीं पाता, तो उसे रेफर कर निजी अस्पताल भेजा जाता है। विधायक ने कहा, एक एंबुलेंस थी, जिसे हटा दिया गया है। विधायक ने सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस की मांग की। मंत्री ने एंबुलेंस भेजने की घोषणा सदन में की।

छत्तीसगढ़ में वन का भौगोलिक क्षेत्रफल बढ़कर 44.253 प्रतिशत : केदार कश्यप

मंत्री कश्यप के विभागों के बजट अनुदान मांगें मंजूर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के प्रयास और सभी वर्गों के सहयोग से छत्तीसगढ़ में वन का भौगोलिक क्षेत्रफल बढ़कर 44.253 प्रतिशत हो गया है, जो देश में वन आवरण की दृष्टि से तीसरे स्थान पर है। यह जानकारी वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अपने विभागों की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कही। विधानसभा में शुक्रवार को चर्चा के बाद वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता व कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के विभागों से संबंधित वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5954 करोड़ 41 लाख 12 हजार रुपए की अनुदान मांगें सर्वसम्मति से पारित की गईं। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री कश्यप ने अनुदान मांगों की चर्चा के दौरान कहा कि वनों, जल स्रोतों, वन्यप्राणियों तथा समस्त जीव-जन्तुओं तथा वन में देवी-देवताओं का विराजमान होता है। विशेषकर आदिवासी समुदाय तथा ग्रामवासी प्रकृति का पूजा-अराधना करते हैं, इससे राज्य में वनों का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वन विभाग सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभाग में ई-कुबेर, ई-ऑक्शन, एनटीपीएस, स्पैरो तथा ई-ऑफिस प्रणालियों को लागू किया है। साथ ही पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार कम करने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की वस्तुओं की खरीदी तथा सेवाएं ली जा रही है।

धुड़मारास गांव बनेगा पर्यटन केंद्र

उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा ग्रामीण पर्यटन हेतु 20 गांवों का चयन किया गया है। जिसमें बस्तर के धुड़मारास गांव को भी शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने धुड़मारास गांव को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार द्वारा किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत वन क्षेत्रों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप वन आवरण में 683 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2 करोड़ 25 लाख पौधों का रोपण किया गया है।

रबी का रकबा बढ़ेगा एक लाख हेक्टेयर

मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ हेतु जल संसाधन विभाग अंतर्गत वॉटर विजन-2047 के लिए एजेंडा तय किया है, जिसमें जल उपयोग की क्षमता को बढ़ाकर निर्मित सिंचाई क्षमता तथा वास्तविक सिंचाई के अंतर में 2 लाख हेक्टेयर कमी करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सरगुजा तथा बस्तर संभागों में नवीन सिंचाई योजना के निर्माण से 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही रबी फसलों की सिंचाई का रकबा भी एक लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता वृद्धि के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में नवीन मुख्य अभियंता कार्यालय खोला जाकर सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने रखी ये मांग

वन मंत्री की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि वन विभाग के कार्यों को निविदा टेंडर के माध्यम से कराया जाना चाहिए। ऐसा होने से विभागीय बजट की राशि भी खर्च होगी, अभी केवल 22-25 प्रतिशत राशि ही खर्च हो रही है। उन्होंने कहा कि मप्र में निविदा टेंडर के माध्यम से वन विभाग के कार्य कराए जा रहे हैं, वहां बहुत तेजी से काम हो रहा है। डॉ. महंत ने ये भी कहा कि हसदेव अरण्य के जंगल कट रहे हैं, वहां बेश्कीमती पेड़ और दुर्लभ जंतु हैं, दवा, औषधि वाले पेड़ हैं, उसकी रक्षा हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा।

आवास, सड़क, पेयजल नगरोत्थान और गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए सरकार देगी धन : साव

उप मुख्यमंत्री साव के विभागों के लिए 15,386 करोड़ की अनुदान मांगें पारित

विधानसभा में अपने विभागों की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि सरकार आवास, सड़क, पेयजल, नगरोत्थान और गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए राशि जारी करेगी। शुक्रवार को श्री साव के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15,386 करोड़ 42 लाख 47 हजार रुपए की अनुदान मांगें पारित की गईं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन में कहा कि आजादी के 60 वर्षों के बाद भी गांवों में घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाया था। हर घर तक पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम देने वर्ष 2019 से जल जीवन मिशन का काम शुरू किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत राज्य में 22 हजार 389 करोड़ 99 लाख रुपए लागत की 29 हजार 173 सिंगल विलेज एवं रेट्रोफिटिंग योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। साथ ही 3,212 गांवों के लिए 4166 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 70 समूह जल प्रदाय योजनाएं भी मंजूर की गई हैं। इन योजनाओं से राज्य के 50 लाख 4 हजार ग्रामीण परिवार लाभान्वित होंगे। मिशन के कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आगामी वर्ष के बजट में हैण्डपम्पों के संधारण के लिए 28 करोड़ 51 लाख रुपए, ग्रामीण नल जल प्रदाय योजनाओं के संधारण के लिए 28 करोड़ 51 लाख रुपए, समूह जल प्रदाय योजनाओं के संचालन/संधारण के लिए 8 करोड़ रुपए और नाबार्ड पोषित सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

पीएम आवास शहरी के लिए 15 हजार मकान की मंजूरी

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री साव ने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के उत्तर में कहा कि

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के शहर विकास के नित नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत दूसरे चरण में सभी शहरों में ऑनलाईन हितग्राही सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर हैं। अब तक 42 हजार हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी है। केन्द्र सरकार द्वारा दिसम्बर-2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ के लिए 15 हजार आवासों की स्वीकृति दी गई है।

पीएम आवास पर पूर्व सीएम बघेल और पंचायत मंत्री शर्मा के बीच हुई तीखी बहस, असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवालों पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत वर्षवार और जिलेवार जानकारी मांगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 18 लाख आवास देने के दावे में पिछली सरकार के कार्यों को छिपाया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पर कहा, वर्ष 2016 से 2025 तक जनवरी से दिसम्बर तक जानकारी चाही गई है। वित्तीय वर्ष के आधार पर जानकारी दी गई है।

भूपेश का आरोप- 18 लाख आवास देने के दावे में पिछली सरकार के कार्यों को छिपाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में 32 लाख आवास दिए गए, जिनमें से 16 राज्यों को आवास की जरूरत नहीं पड़ी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 8 लाख पीएम आवास बने हैं, जबकि भूपेश सरकार के कार्यकाल में केवल 3 लाख आवास ही बने थे। उन्होंने कहा, वर्तमान सरकार 18 लाख आवास बनाने का काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आंकड़े में कहा गया है कि 18 लाख आवास दिए गए, लेकिन पिछली सरकार के कामों को छिपाया गया है।

जनता को गुमराह कर रही सरकार

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार आंकड़ों के जरिए जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा, 2011 के सर्वे सूची के आधार पर आवास योजना बनी थी और वर्तमान सरकार ने पीएम आवास योजना में गड़बड़ी की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा, सरकार ने जानकारी दी है कि 11 लाख आवास बन चुके हैं, अब 18 लाख आवास और बनेंगे या सात लाख मकान बनेंगे? पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 11 लाख बने हुए आवास से अलग 18 लाख का आंकड़ा है।

बस्तर जिले को नीति आयोग ने दिया 3 करोड़ रुपए का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा, बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा की समावेशी एवं नवाचारयुक्त नीति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश में संपूर्ण शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा बस्तर में बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम देने के लिए राज्य सरकार को और अधिक प्रेरित करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल बस्तर जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

पांच और जिला पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायतों में भाजपा के दावे के मुताबिक लगातार उसको जीत मिलती जा रही है। शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष भी जीते। इसी के साथ तीन दिनों में भाजपा ने अब तक 23 जिला पंचायतों में कब्जा कर लिया है। भाजपा के पंचायत चुनाव के प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, भाजपा को 31 जिलों में स्पष्ट बहुमत है। इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनेंगे। दो जिलों रायपुर और सुकमा में बराबरी का मुकाबला है। यहां भी भाजपा के ही अध्यक्ष बनने की संभावना है।

पंचायत चुनावों के बाद 5 मार्च से लगातार जिला पंचायतों में चुनाव हो रहे हैं। पहले दिन 16 जिलों में चुनाव हुए तो इन सभी में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते। इसके बाद दूसरे दिन दो जिलों महासमुंद और रायगढ़ में चुनाव होने पर यहां भी भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते।

अब तक 23 जिलों में कब्जा

सरगुजा, धमतरी, राजनांदगांव, कोंडागांव और मरवाही भी जीते

इन पांच जिलों में भी जीते

शुक्रवार को पांच जिला पंचायतों में हुए चुनाव में भी भाजपा के प्रत्याशी जीते। सरगुजा में अनुसूचित जनजाति मुक्त में भाजपा की महिला प्रत्याशी निरूपा सिंह अध्यक्ष बनी। उपाध्यक्ष के पद पर देव नारायण यादव जीते। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में समीरा पैकरा अध्यक्ष और अजीत उपेंद्र बहादुर उपाध्यक्ष बने। धमतरी में अरुण कुमार सार्वा अध्यक्ष और गोकरण साहू उपाध्यक्ष का चुनाव जीते। राजनांदगांव में अनारक्षित महिला सीट पर किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष और किरण अमर साहू उपाध्यक्ष बनीं। पांचवें जिले कोंडागांव में अनुसूचित जनजाति महिला सीट पर रीता शोरी अध्यक्ष और हीरा सिंह नेताम उपाध्यक्ष बने।



D Mart®
Daily Discounts Daily Savings

होली के अनेक रंग बेहतरीन ऑफर्स के संग

DMart ready

होली स्पेशल

₹129* सिर्फ
पिडिलाइट होली के रंग
4x60 ग्राम प्रति पीस
मूल कीमत ₹ 175

₹69* से आगे
होली के रंग
300 ग्राम

₹169*# से आगे
वॉटर टैंक पिचकारी

₹59*# से आगे
वॉटर गन पिचकारी

₹160* सिर्फ
रुह अफ़ज़ा शरबत
750 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 180

₹215* सिर्फ
गुरुजी केसरिया ठंडाई
500 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 315

फूड, स्नॅक्स और अन्य सामग्री

₹160* सिर्फ
मालाज् रोज़ सिरप
1 ली
मूल कीमत ₹ 230

₹70* सिर्फ
मिरिंडा ऑरेंज बोतल
2 ली
मूल कीमत ₹ 100

₹179* सिर्फ
ग्लूकॉन डी ऑरेंज रीफिल
450 ग्राम
मूल कीमत ₹ 219

₹139* सिर्फ
वंडरलैंड किशमिश
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 300

₹439* सिर्फ
वंडरलैंड काजू
500 ग्राम
मूल कीमत ₹ 770

₹399* सिर्फ
नटराज पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹ 699

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
एपिस क्लासिक खजूर
500 ग्राम
मूल कीमत
₹199*

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस् बिस्किट्स 400 ग्राम
मूल कीमत ₹150*

₹99* सिर्फ
मैगी मसाला नूडल्स
560 ग्राम
मूल कीमत ₹ 120

₹155* सिर्फ
राज़म गार्लिक मिक्सचर
800 ग्राम
मूल कीमत ₹ 220

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पावक नॅचरल गुड़ जार
500 ग्राम
मूल कीमत
₹110*

₹299* सिर्फ
दावत हेरिटेज बासमती चावल
5 किलो
मूल कीमत ₹ 600

₹92* सिर्फ
पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश
250 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 140

₹599* सिर्फ
सर्फ एक्सेल इजी वॉश डिटर्जेंट पाउडर
5 किलो
मूल कीमत ₹ 770

पर्सनल केयर

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
बेला वीटा परफ्यूम गिफ्ट पॅक पुरुष/महिला/युनिसेक्स
4x20 मि.ली.
मूल कीमत ₹649*

₹119* सिर्फ
डर्मी कूल लैवेंडर/मेंथोल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर
150 ग्राम
मूल कीमत ₹ 149

₹122* सिर्फ
पैराशूट नारियल तेल
300 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 154

₹69* सिर्फ
सॅवलॉन सॉफ्ट प्रोटेक्ट हैंडवॉश पाउच
700 मि.ली.
मूल कीमत ₹ 99

₹260* सिर्फ
लोटस् जेल क्रीम SPF25 PA+++
60 ग्राम
मूल कीमत ₹ 460

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
हिमालया प्युरिफाइंग नीम फेस वॉश
200 मि.ली.
मूल कीमत
₹325*

₹105* सिर्फ
जो लाइम सोप
4x150 ग्रॅम प्रति
मूल कीमत
₹ 175

ग्रोसरी

₹45* सिर्फ
लूज़ चीनी
1 किलो

₹73* सिर्फ
लूज़ चना दाल
1 किलो

₹112* सिर्फ
लूज़ लातूर तूअरदाल
1 किलो

₹62* सिर्फ
लूज़ वाडा कोलम चावल
1 किलो

₹70* सिर्फ
लूज़ बिरयानी चावल
1 किलो

₹34* सिर्फ
लूज़ गेहूँ आटा
1 किलो

₹44* सिर्फ
लूज़ रवा
1 किलो

₹72* सिर्फ
लूज़ बेसन
1 किलो

₹39* सिर्फ
लूज़ मैदा
1 किलो

₹123* सिर्फ
लूज़ मूंगफली
1 किलो

₹55* सिर्फ
गुड़ प्रीमियम
900 ग्राम
मूल कीमत
₹ 90

₹389* सिर्फ
स्वाद बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत
₹ 573

₹409* सिर्फ
स्वाद काजू
500 ग्राम
मूल कीमत
₹ 616

₹389* सिर्फ
स्वाद पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹ 530

₹129* सिर्फ
इंडियन किशमिश
500 ग्राम
मूल कीमत
₹ 211

₹239* सिर्फ
मिक्स ड्रायफ्रूट्स
500 ग्राम
मूल कीमत
₹ 379

₹39*/₹95* सिर्फ
इलायची ग्रीन ईको
10 ग्राम/25 ग्राम
मूल कीमत
₹ 61/₹ 146

होम और किचन

₹29**# से आगे
मेलामाइन ट्रे
19 सेमी x 14 सेमी

₹59**# से आगे
जूस मग
400 मि.ली.

₹59**# सिर्फ
ओपलवेअर प्लेन प्लेट
डायमीटर:
27 सेमी
मूल कीमत ₹ 100

₹99* से आगे
सिरॅमिक मग
6 पीस सेट
140 मि.ली.
प्रति पीस

₹21**# से आगे
प्लास्टिक वॉटर बॉटल
780 मि.ली.

₹99**# से आगे
बकेट
16 ली

₹99* सिर्फ
डॉटेड ग्लास 6 पीस सेट
210 मि.ली. प्रति पीस
मूल कीमत
₹ 230

₹249* सिर्फ
प्लास्टिक कंटेनर्स 5,7,10 ली
3 पीस सेट
मूल कीमत
₹ 350

₹249**# सिर्फ
वेलस्पन बाथ टावल
70 सेमी x 140 सेमी
मूल कीमत ₹ 285

₹29**# से आगे
ग्लास जार
250 मि.ली.

₹179**# सिर्फ
क्रिसलॉन नॉन स्टिक कढ़ाई 165 मि.मी.
मूल कीमत ₹220

₹1,549**# सिर्फ
बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली
मूल कीमत
₹ 3,646

गारमेंटस्

₹79**# से आगे
बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट

₹99**# से आगे
मेन्स टी शर्ट

₹149**# से आगे
मेन्स शॉर्ट्स

₹149**# से आगे
वूमन्स टॉप

₹199**# से आगे
वूमन्स कुर्ता

₹199**# से आगे
मेन्स प्रिंटेड शर्ट

न्यूनतम 9% छूट

सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166

** सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/03/25

खबर संक्षेप

आज समोदा में स्वागत एवं पुरस्कार वितरण समारोह

आरंग। डॉ. बी.आर. अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन समोदा में 08 मार्च को भक्त माता कर्मा शासकीय महाविद्यालय समोदा में स्वागत एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अध्यक्षता शिखा बेहेरा प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि छोटेलाल सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष समोदा, पीलाराम निशाद अध्यक्ष जनभागीदारी समिति समोदा महाविद्यालय उपस्थित रहेंगे।

धोबी रजक समाज का अधिवेशन कल से मंत्री टंकराम होंगे शामिल

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सड्डू में 8 व 9 मार्च को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी रजक समाज चार राज नौ पार का वार्षिक अधिवेशन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व एवं खेलकूद मंत्री होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चोवाराम रजक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि तुलसी कौशिक मुख्यमंत्री के निज सहायक, सूरज निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज विशिष्ट अतिथि शैल महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य, देवेंद्र वर्मा जनपद सदस्य, नंदू साहू सरपंच सड्डू होंगे।

ग्राम छतौद में बाजे गाजे के साथ निकाली विजय रैली

तिल्दा नेवरा। तिल्दा ब्लॉक ग्राम पंचायत छतौद में जीत के बाद भव्य रैली बाजा गाजा के साथ जन संपर्क किया गया जिसमे मुख्य रूप से नव निर्वाचित जनपद सदस्य देवव्रत शर्मा (गोलू) एवम किसान नेता राजू शर्मा जी उपस्थित थे साथ ही सरपंच ओम प्रकाश ध्रुव एवम सभी पंच एवम ग्राम वासियो ने भव्य रूप से स्वागत किया कुमारी साहू , हेमन्त खांडा, केरा बाई बंधवारे, गीता मंडले, जागेश्वर साहू , चेतन साहू , बालाराम साहू , हृदय सिन्हा , रवि साहू , प्रकाश सोनवानी , नरेंद्र सिन्हा, सेवा दास वैष्णव एवम समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

अभनपुर जनपद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का प्रथम सम्मिलन हुआ

जनपद क्षेत्र के विकास के लिए परिवार की तरह काम करने का तरीका अपनाएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जनपद पंचायत अभनपुर में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यो का प्रथम सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ इस अवसर पर पंचायत राज अधिनियिम विहित प्रावधान के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिती मे अपने दायित्व का निवर्हन करने का जनपद अध्यक्ष चंन्द्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलू राम साहू व सभी सदस्यो द्वारा शपथ लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमति चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,उपाध्यक्ष खेलू राम साहू,संतराम साहू,ओमप्रकाश साहू,श्रीमति चंचल राजा दीवान,श्रीमति वर्षा संतोष मिश्रा,श्रीमति नंदनी महेन्द्र खुटियारे,हिमांशु खरे,श्रीमति रानी मनोज सोनवानी,श्रीमति हेमलता विनोद चन्द्राकर,कमल तारक,राजेश्वरी धुरव,विवेक तिवारी,ब्रम्हानंद साहू,श्रीमति निशा प्रवीण कल्ला,श्रीमति धनेश्वरी डांडे,श्रीमति रानू दिलीप बंजारे,श्रीमति सारिका गोवर्धन साहू,श्रीमति तनु महेश साहू,श्रीमति मेनका पटेल,श्रीमति सविता ताराचंद साहू,रामेश्वर निषाद उपस्थित रहे।

आपसी मनमुटाव को पीछे छोडक़र आगे बढ़ना है : साहू

इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधियो को संबोधित करते कहा कि जनपद सदस्यो के सहयोग से जनपद क्षेत्र के विकास के लिए एक परिवार की भांति काम करूंगा, त्रि स्तरीय पंचायत व्यवस्था मे चुनाव होते तक पार्टी की बात होती है,हम कोई भी जनप्रतिनिधि चाहे किसी पार्टी का हो उसका उद्देश्य केवल विकास होना चाहिए हम जनता के चुने हुये जनप्रतिनिधि है गांव मे चुनाव के दौरान आपसी मनमुटाव को पीछे छोडक़र आगे बढऩा है तभी ग्रामीण विकास की परिकल्पना को आगे बढ़ा सकते है,देश की प्रधानमंत्री की सोच है कि आजादी के 100वे वर्ष मे 2047 तक भारत देश विकसित राष्ट्र बने इसके लिए बिना भेदभाव के गांव के गरीब,मजदूर,किसान को आगे बढ़ाते हुये जनप्रतिनिधियो को काम करना होगा तभी विकसित भारत का सपना साकार हो पायेगा। सभी जनप्रतिनिधियो को अपनी क्षमता अनुसार अपने गांव को मॉडल रूप देने के लिए प्रयास होना चाहिए शासन की समस्त योजनाओ की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाने का काम करे जिससे लोगो की आर्थिक स्थिती सुदृढ़ हो,उन्होने जनपद सभा कक्ष मे उपस्थित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो को आश्वत किया कि चुने हुये जनप्रतिनिधि किसी भी पार्टी से संबंधित हो क्षेत्र की विकास के लिए सभी को एक सामान सहयोग करेगे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज सैकड़ों महिलाओं का करेंगे सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को ग्राम भिलाई में भव्य रुप से मनाने की तैयारियां चल रही है। समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत भिलाई व पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं को सशक्त व सुदृढ़ बनाने करीब 500 से अधिक महिलाओं को आमंत्रित गया है। जिसके लिए ग्राम में हर घर पहुंचकर महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। ग्राम भिलाई निवासी समाजसेवी पारसनाथ साहू ने बताया इस आयोजन का उद्देश्य समाज में महिलाओं को व सशक्त बनाना तथा उन्हे उनके अधिकारो के प्रति जागरूक व सजग करना है। वहीं पीपला फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल का कहना है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल शहरों तक ही सीमित रहकर रह गया है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में पता तक नही होता। इसलिए विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मातृ–शक्तियों का सम्मान, उद्बोधन व मनोरंजक खेल सहित सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। जिसमें नवाचार करते हुए अलग–अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मातृ–शक्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। जिससे प्रेरित होकर ग्रामीण क्षेत्र की मातृशक्तियां जागृत हो सके। इस अवसर पर श्री बालाजी अस्पताल मोवा रायपुर द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगा रहे है। जिसमें स्त्री रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, हड्डी रोग, नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम उपस्थित होकर सभी का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श देंगे। वहीं सम्मान समारोह में धनवेन्द्र जायसवाल पूर्व राज्य सूचना आयुक्त रायपुर, इशरत खान उप पंजीयक आरंग, सीता शुक्ला तहसीलदार आरंग, डा. विजय लक्ष्मी अनंत खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग आरंग, शीतल चंद्रवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद आरंग, तृप्ति सोनी सुप्रसिद्ध टी.वी. एंकर जी न्यूज रायपुर, इन्दु वशिष्ठ डॉ. सीआरपीएफ कैंप भिलाई, डॉ. शुभ्रा रजक तिवारी पुरातत्वविद एवं समाज सेविका तामासिवनी, अरुणा चौहान सुप्रसिद्ध कवयित्री रायपुर, अनुपमा त्रिपाठी समाज सेविका रायपुर, रानी पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य रायपुर, को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

तिल्दा नेवरा जनपद के सम्मेलन में अध्यक्ष मनहरे ने किया पदभार ग्रहण

तिल्दा नेवरा। शुक्रवार दोपहर जनपद पंचायत सभागार तिल्दा नेवरा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा ने अपना पदभार भी ग्रहण किया।

पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमन देवव्रत नायक ने सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे का स्वागत किया। सीईओ विवेक गोस्वामी ने भी टिकेश्वर मनहरे को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एसडीओ जनपद पंचायत ने पूर्व अध्यक्ष वेदराम मनहरे, देवव्रत नायक सहित नवनिर्वाचित सभी सदस्यों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

मंत्री टेकराम वर्मा के प्रयास से सड़क निर्माण की मिली मंजूरी

तिल्दा नेवरा। प्रदेश में 2024 25 विष्णु देव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा बजट से छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की ओर जाने वाला ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास वाले बजट में तिल्दा नेवरा क्षेत्र के विभिन्न सिंचाई व रोड निर्माण कार्यों समायोजित करने का प्रयास किया गया है। भाजपा के युवा जनपद सदस्य देवव्रत शर्मा (गोलू) अपने क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री टेक राम वर्मा को बधाई देते बताया कि मंत्री के प्रयास से जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 ताराशिव गोखेड़ा छत्तौद केवतरा 5 किलो मीटर रोड निर्माण जलसों से नाकटी रोड निर्माण कार्य एनएच 30 देवरी तारपोंगी पहुंच रोड निर्माण कार्य तिल्दा कोटा मोहरा संडी मार्ग रोड का मजबूतीकरण कार्य वही तिल्दा विकास खंड के खपरीखुर्द चंपा सतभावा पहुंच मार्ग मानपुर से टोहड़ा रोड निर्माण कार्य सरपोंगा पहुंच रोड निर्माण सतभावा से तुलसी प्रधानमंत्री रोड निर्माण कार्य वहीं तिल्दा क्षेत्र के बिलाडी से तुलसी बाईपास रोड निर्माण कार्य से जहां आम जनता को परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

धरसींवा जनपद अध्यक्ष के चुनाव में धांधली कांग्रेस ने कलेक्टर से की लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

धरसीवां जनपद अध्यक्ष के लिए मंगलवार को हुए चुनाव के लेकर शिकवा शिकायतें रुकने का नाम नहीं ले रहा है । गुरुवार को कांग्रेसियों ने कलेक्टर को लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के नेतृत्व में धरसीवां जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे जनपद अध्यक्ष प्रत्याशी रहे बरखा लोकेश साहू पूर्व जनपद सदस्य किरण सिन्हा पूर्व पार्षद कामरान अंसारी जनपद सदस्य ममता ध्रुव जनपद सदस्य ईश्वर निषाद भावेश राठौड़ ने कलेक्टर रायपुर की अनुपस्थिति में ज्ञापन को एडीएम श्री पटेल को सौंपते हुए जनपद पंचायत धरसीवां के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम नंद कुमार चौबे के पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां कि धरसीवां जनपद अध्यक्ष चुनाव में सत्ता सरकार के दबाव में आकर भाजपा समर्पित जनपद अध्यक्ष प्रत्याशी को एसडीएम ने गलत तरीका से चुनाव जिताने का आशंका व्यक्त किया।

संकलनकर्ता- प्रेमलाल पाल, संवाददाता कूंरा, मो. 9669088687, 7974767697

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का विश्व महिला दिवस पर शक्तिरुपा 2025 नारी शक्ति सम्मान

नारी शक्ति : समाज के हर क्षेत्र में बदलाव की प्रेरक

विश्व महिला दिवस के अवसर पर हरिभूमि और आईएनएच न्यूज की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं के लिए शक्तिरुपा-2025 नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, व्यापार, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों की महिला प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया तथा अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कठिन समय में संघर्ष करते हुए सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी।

रायपुर। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे, साइकोलॉजिस्ट और पॉलिटिशियन दीप्ति प्रमोद दुबे उपस्थित थीं। विशिष्ट अतिथियों में एएसआरवी सोलर की एमडी रितु जैन, गायिका आरू साहू और एटी ग्रुप से शुभम बरड़िया भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने संघर्षों और उपलब्धियों के बारे में साझा किया और यह संदेश दिया कि महिलाएं हर चुनौती को पार कर सकती हैं तथा समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम हरिभूमि परिसर में आयोजित किया गया। लोक गायिका आरू साहू ने राजगीत अरपा पैरी के धार.. की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। आरू ने मनमोहक गीतों से सभी का मन मोह लिया।

हर व्यक्ति में छिपी होती है कोई न कोई प्रतिभा

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा जरूर होती है और भगवान सभी को समान अवसर नहीं देते हैं। उन्होंने बताया, मेरी आदत है कि जो भी कार्य मुझे सौंपा जाता है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करती हूं। जब किसी को बड़ी सफलता मिलती है तो उसकी चुनौतियां भी उतनी ही बड़ी होती हैं। महिलाओं को संदेश दिया कि कठिनाइयां सफलता के रास्ते में आती हैं, लेकिन ईमानदारी और मेहनत से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है।

डांस में दिखाई प्रतिभा

अतिथि की उपस्थिति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना प्रियंका नायर ने अपनी मनमोहक कथक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं युवतियों के समूह ने रिमिक्स गानों पर शानदार डांस किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न विषयों पर विचार प्रस्तुत किए, जो दर्शकों के लिए ज्ञानवर्धक रहे। इस आयोजन में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. नेहा ठाकुर, शिक्षा के क्षेत्र में अंकिता भारद्वाज, कराटे प्रशिक्षक हर्षा साहू, नेशनल डांस अकादमी से शालिनी गर्ग, भरथरी गायक रेखा जलक्षत्री, रायफल शूटिंग कोच शक्ति चंद्र, किरण शर्मा और आरक्षक तरूणा सिन्हा सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आईएनएच न्यूज की सीनियर एंकर सोनल भारद्वाज ने किया।

कोई भी ताकत आपको रोक नहीं सकती

साइकोलॉजिस्ट और पॉलिटिशियन दीप्ति प्रमोद ने कहा, अगर आपको सच्ची खुशियां चाहिए तो यह दिल, कार्य और सोच से हासिल की जा सकती हैं। खुश हम तब होते हैं, जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं। जब आप अपनी मंजिल की ओर बढ़ते हैं तो कोई भी ताकत आपको रोक नहीं सकती। उन्होंने यह भी कहा, कर्म करो और फल की चिंता मत करो। मेरे भी जीवन का यही सिद्धांत है।

पिता ने आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

कार्यक्रम में एटी ग्रुप से शुभम बरड़िया ने हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अपने कार्य से जुड़ी पढ़ाई कर उन्होंने अपने कामकाज को बारीकी से समझा। शुरुआत में हर नया काम कठिन लगता था, लेकिन उन्होंने यह महसूस किया कि किसी भी कार्य को करना असंभव नहीं है। शुभम ने अपने पिता का विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और उनके संघर्ष में समर्थन किया। उनकी सफलता के पीछे उनके पिता का मार्गदर्शन और सहयोग महत्वपूर्ण रहा है।

महिलाओं को खुद पर विश्वास रखने की जरूरत

एसआरवी सोलर की एमडी रितु जैन ने कहा कि महिलाओं को किसी की पुश करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब हम खुद ही अपनी सफलता की दिशा निर्धारित कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में अगर लगन, जुनून और सकारात्मक सोच हो तो सफलता मिलना तय है। पहले महिलाएं केवल डॉक्टर और प्रोफेसर जैसे पारंपरिक क्षेत्रों तक ही सीमित रहती थीं, लेकिन अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और हर चुनौती का सामना कर रही हैं। यह संदेश महिलाओं को आत्मविश्वास और स्वावलंबन की ओर प्रेरित करता है, जिससे वे अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर सकें।

समाज लाइव

दोबारा गृहस्थी बसाने के लिए साथी तलाशने कल सम्मेलन

रायपुर। पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर स्थित सत्संग भवन में इस बार भी सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन महिलाओं और पुरुषों को दोबारा गृहस्थी बसाने के लिए जीवनसाथी तलाशने का अवसर देने वाला है। रविवार को सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस परिचय सम्मेलन में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा महिलाओं और पुरुषों के दोबारा विवाह से पूर्व परिचय सम्मेलन से जोड़ा जाएगा। सम्मेलन में उम्रदराज अविवाहित युवक-युवतियों, दिव्यांग और निर्धन कन्या प्रतिभागियों को भी स्थान दिया जाएगा। इसके लिए अभी तक 196 महिलाओं और पुरुषों ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें प्रदेश समेत दूसरे शहरों और राज्यों के लोगों ने भी पंजीयन कराया है।

महिलाओं का पंजीयन निशुल्क

फाउंडेशन के प्रदीप शितूत, डॉ. मनोज ठाकुर, अनघा एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति आठवें वर्ष यह आयोजन करने जा रही है। इसमें कई स्थानों से महिला और पुरुषों का अग्रिम पंजीयन भी हो चुका है। आयोजन के सफल संचालन के लिए मीटिंग कर महिलाओं व पुरुषों को काम भी बांटा गया है। पंजीयन के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए जाएंगे। जहां अपना आधारकार्ड, फुल साइज और पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो सहित दस्तावेज के साथ पंजीयन करा सकेंगे। महिलाओं का पंजीयन पूरी तरह निशुल्क रहेगा। काउंसिलिंग के लिए महिला टीम अलग से तैनात रहेगी।

सिटी लाइव

उत्सव मनाने मूर्ति निर्माण शुरू, घरों में विराजेंगे आराध्य देव झूलेलाल

रायपुर। शहर में झूलेलाल उत्सव की धूम मचने वाली है। सिंधी समाज के लोगों ने इसके लिए तैयारी भी शुरू की है। 26 मार्च को घरों में आराध्य देव भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस बार भी समाज के लोगों को निशुल्क मूर्ति उपलब्ध कराने के लिए निर्माण जारी है। इस साल मूर्तिकार सुरेश प्रजापति यह दायित्व निभा रहे हैं। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, झूलेलाल उत्सव के संयोजक रमेश मिरघानी और चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि संत लालदासजी की प्रेरणा, संत युधिष्ठिरलाल और अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से 13वें वर्ष भी झूलेलाल उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत पांच दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन यानी 31 मार्च को विसर्जन किया जाएगा।

एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास

रायपुर के साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शहरों में संघ द्वारा सांई लालदासजी से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से मूर्तियों को निशुल्क भेजा जा रहा है। शहर में मूर्तियों के लिए लोग पंजीयन करा सकते हैं। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मूर्तियों का वितरण किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य सिंधी संस्कृति और धर्म के प्रचार सहित समाज के युवाओं और बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

राजधानी में अलग-अलग महिला समूहों ने किया भव्य आयोजन, उत्सव में सजाई गीतों की महफिल

कृष्ण-राधा और गोपियों के वेश में खेली फूलों की होली, छलका उत्साह, नारी शक्ति ने किया मंथन

'शहर में महिलाओं की टोली भव्य आयोजनों की श्रृंखला सजाने लगी हैं। भव्य होली मिलन में महिलाएं कृष्ण, राधा और गोपियों के वेश में उत्सव का हिस्सा बनीं। कहीं महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति ने वैचारिक मंथन के साथ ही सफलता व दायित्वों के निर्वहन से जुड़ी संघर्ष की कहानी को साझा किया। इसके बाद होली उत्सव का माहौल उनके बीच बना। कई जगह संस्थाओं को उनके सेवा कार्यों के लिए सराहा गया। इससे उत्सव और उमंग का माहौल उनके बीच बना।'

रायपुर। हर साल की तरह इस बार भी मंजू करवा संगठन द्वारा सुन्दर नगर स्थित आम बगीचा मे फ़ूलों की होली का आयोजन किया गया। इसमें राधा, कृष्ण के साथ ही सखियों ने बृज की तर्ज पर फूलों की होली खेली। रंग बरसे भिगे चुनर.., होलिया में उड़े रे गुलाल...जैसे होली गीतों पर शानदार धमाल किया । इसमें प्रीति व कशिश कृष्ण तो पल्लवी और दीपिका राधा परिधान में आयोजन का हिस्सा बनी। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। महिला दिवस के अवसर पर दूसरे महिला संगठन का सम्मान भी किया। इस उत्सव में करीब 200 महिलाए शामिल हुई। इसमें मंजू, नीलू, लता, सुशीला, रानी, प्रभा, आशा ने जहां आयोजन को उत्सव का रूप देने में योगदान दिया। वहीं संगठन की अध्यक्ष मंजू करवा ने सभी को 15वें उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर दिया।

महिलाओं ने किया 'शक्ति मंथन'

वृंदावन हॉल में जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'शक्ति मंथन' का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। इसमें 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक तरीके से आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद घर से कमाई के लिए गृहिणियों को बिजनेस के अवसर को लेकर पूनम मंत्री ने बताया। हरीश मंत्री, आंचल पंजवानी ने नए अवसर के लिए प्रेरित किया। इसमें 29 महिला संस्थाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल और विशेष अतिथि अनीता गुप्ता व सामाजिक कार्यकर्ता शताब्दी पांडेय रहीं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विचार साझा किए। नोबल की वुमन एम्पावरमेंट डायरेक्टर सुलभा पांडेय ने व्यक्त दिया।

सफल उद्यमी महिलाओं ने साझा किया

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया। इसमें युवा महिला विंग की अध्यक्ष मीनू चंगा, सौम्या सेठी, ज्योति चंगा, संध्या चंगा, अंजू विंग, पूनम सेठी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। इनकी अगवाई में उद्यमी महिलाओं ने जीवन में सफलता के लिए जहां मंत्र दिए। वहीं गीत-संगीत के बीच संगोष्ठी की गई। इसमें वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा व सुरक्षा के साथ ही आत्म निर्भर बनाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। सफल महिलाओं ने अपने संघर्ष से जुड़ी कहानियों को भी साझा किया।

विकास में योगदान के लिए सम्मान

रानी दुर्गावती जागृति महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण के रूप में 8 मार्च को सामाजिक भवन अवंती बिहार में आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, अध्यक्षता जयलक्ष्मी ठाकुर और विशिष्ट अतिथि लोकेश्वरी नेताम, गिरजा ठाकुर शामिल होगी। इसमें 12 महिलाओ को शिक्षा, स्वस्थ, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक विकास में सहयोग के लिए और दो सामाजिक संस्था को सम्मानित किया जाएगा। महिला मंडल की कमला देवी नेताम के मार्गदर्शन में यह आयोजन होगा।

कार्नर न्यूज

मानस मर्मज्ञ मंदाकिनी दीदी ने कहा, पुष्प वाटिका पर केंद्रित रहेगी श्रीराम कथा

प्रेम, धर्म व भावना को मानस में मिला स्थान, रिलेशनशिप में तोड़ रहे मर्यादा

रायपुर। लोग श्रीरामचरित मानस को श्रीराम और सीता माता के जीवन प्रसंग का वर्णन मानते हैं, जबकि यह सनातन धर्म का जीवन दर्शन है। गोस्वामी तुलसीदास ने मानस में उसे समाहित किया है। उस काल में भी आज की परिस्थिति और समय को देखते हुए लिखा है।

वहीं आज हम देख रहे हैं कि बहुत से लोग रिलेशनशिप में रहते हुए प्रेम के नाम पर मर्यादाएं तोड़ रहे, जो सही नहीं है। कैसे मर्यादित रहना चाहिए, प्रेम करने का हक है या नहीं। प्रेम बड़ा या मर्यादा ,धर्म बड़ा या भावना बड़ी है। लोगों को इसे समझना होगा। मानस मर्मज्ञ मंदाकिनी दीदी रायपुर प्रवास पर हैं। सिंधु भवन में श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ में उनके श्रीमुख से तीन दिनों में पुष्प वाटिका प्रसंग की कड़ी में प्रेम, धर्म, मर्यादा व भावना को मानस में सर्वोच्च स्थान मिला है, उसे प्रसंग से जोड़ेंगी।

विवेक नगर में लिखा श्रृंगार प्रसंग

शंकर नगर में श्रीराम कथा से पहले इस बार बालकांड के पुष्प वाटिका प्रसंग को प्रसंगों से जोड़ने की जानकारी उन्होंने दी। आगे बताया कि इसमें गोस्वामीजी ने सौंदर्य के प्राकट्य का मंथन किया है। साहित्य में 9 रस होते हैं, इनमें एक श्रृंगार रस है। सभी रसों में श्रृंगार को रसराज कहा जाता है। श्रृंगार के मूल में काम है। जहां काम आ जाता है, उसके साथ वासना और आवेश आना स्वाभाविक है। अगर श्रृंगार व्यक्ति को देह की ओर ले जाता है तो गोस्वामीजी विवेक से हल निकाल लेते हैं। विवेक नगर में श्रृंगार की कहानी लिखी गई और वह महाराज जनक की पुष्प वाटिका थी।

लोग आज भी मंथन ही कर रहे

राज्य में 11 पुराने जिलों सहित नए पांच जिलों में वर्तमान में डॉयल-112 की सेवा संचालित की जा रही है। डॉयल-112 सेवा का अब नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है। यह प्रक्रिया विधानसभा सत्र के बाद शुरू किए जाने की संभावना है। डॉयल-112 को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसके लिए दो दिन पूर्व राज्य के नए पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने डॉयल-112 मुख्यालय पहुंचकर सिस्टम की जानकारी ली।

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप कर रहा है। टाटा ग्रुप का कार्यकाल दो वर्ष पूर्व अगस्त में पूरा हो चुका है। सेवा संचालित करने अब तक किसी नए ग्रुप को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इसके कारण डॉयल-112 सेवा का संचालन टाटा ग्रुप ही कर रहा है। सेवा में लगे ज्यादातर वाहन जर्जर हालत में हैं। नई कंपनी के आने के बाद डॉयल-112 सेवा की सूरत बदलने की उम्मीद है। नए ग्रुप के आने के बाद महेंद्रा ग्रुप की गाड़ियों के माध्यम से सेवा का संचालन किया जाएगा।

सभी 33 जिलों में सेवा संचालन

वर्तमान में डॉयल-112 सेवा 11 पुराने जिले रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव के अलावा रायपुर से अलग कर बलौदाबाजार, रायगढ़ से काटकर बनाए गए सारंगढ़-बिलाईगढ़, बिलासपुर से काटकर बनाए गए गौरेला-पेंड्रा- मरवाही तथा राजनांगांव से काटकर बनाए गए मोहला मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में संचालित हो रही है। इसका विस्तार सभी 33 जिलों में करने की योजना है।

सिस्टम को और हाईटेक करने की तैयारी

फाइल फोटो

नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी

टाटा ग्रुप का सेवाकाल समाप्त होने के बाद एक वर्ष पूर्व मुंबई के जिकित्जा ग्रुप को सेवा संचालित करने टेंडर दिए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। कंपनी के विवादित होने के बाद जिकित्जा को सेवा संचालित करने टेंडर नहीं दिया गया। अफसरों के अनुसार विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद डॉयल-112 सेवा देने नए सिरे से टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

सिस्टम को अपडेट करने दिए निर्देश

डॉयल-112 आवश्यक सेवा में शामिल हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए डीजीपी अरुण देव गौतम ने सिस्टम को और अपडेट करने निर्देश दिए हैं। वर्तमान में संबंधित जगह रवाना की गई गाड़ी की मॉनिटरिंग फोन के माध्यम से मुख्यालय से होती थी। इसे अपडेट करते हुए डॉयल-112 सेवा से जुड़े अफसर अपने मोबाइल से गाड़ियों की मॉनिटरिंग कर सकें, सिस्टम को इस तरह से विकसित करने डीजीपी ने निर्देश दिए हैं।

अग्निशमन को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी

राज्य के सभी जिलों में संचालित अग्निशमन सेवा को सिस्टम से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में किसी जगह आग लगने की घटना की जानकारी डॉयल-112 को मिलती है, तो डॉयल-112 फायर ब्रिगेड को कॉल कर इसकी जानकारी देती है। अग्निशमन सेवा डॉयल-112 से जुड़ जाएगी, तो कहीं भी आगजनी की घटना होगी, तो इसकी जानकारी डॉयल-112 को मिलेगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर अग्निशमन सेवा को जरूरी मदद पहुंचाने का काम डॉयल-112 सेवा के माध्यम से किया जाएगा।

स्वास्थ्य पर महिलाएं ज्यादा गंभीर

रोजाना बन रहे औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड

■ अब तक 1.20 करोड़ बन चुके योजना के हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य के मामले में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा गंभीर हैं। राज्य में रोजाना औसतन एक लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 1.20 करोड़ महिलाएं इस योजना की हितग्राही बन चुकी हैं। कार्ड बनाने की सुविधा सरकारी एवं निजी अस्पतालों के साथ च्वाइस सेंटर में भी है।

13 दिसंबर को विष्णु देव साय की सरकार ने शपथ ली थी और तब से लेकर अब तक राज्य में 15 लाख 31 हजार 857 महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम पूरा हो चुका है। महिलाओं को इस स्वास्थ्य योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के अलावा महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए कार्ड बनाने की सुविधा च्वाइस सेंटर में भी दी जा रही है, ताकि उन्हें व्यर्थ इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। इसके अलावा लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। योजना के प्रारम्भ से अब तक 1 करोड़ 20 लाख 65 हजार 107 महिलाओं का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को राशन कार्ड में परिवार का मुखिया बनाए जाने की नीति को इस योजना से भी जोड़ा है, जिससे आयुष्मान कार्ड पंजीयन को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

राज्य के 33 जिलों में राशन कार्डधारी परिवारों की महिलाओं के आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

बिजनेस साइट

नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नारी शक्ति का सम्मान

रायपुर। नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किए गए विषय मार्च फॉरवर्डः वादों से प्रगति तक के तहत हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विशेष अतिथि के रूप में पधारीं, जिन्हें नाबार्ड के महिला उत्थान के लिए चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि ने की। डॉ. मणि ने अपने उद्घाटन भाषण में नारी शक्ति और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नाबार्ड द्वारा 1992 में शुरू किए गए स्वसहायता समूहों के महत्व पर भी बात की, जो आज 18 करोड़ परिवारों से जुड़े हैं।

आध्यात्मिक उन्नति के लिए डिवाइन गुरुकुल का अद्वितीय शिविर

रायपुर। डिवाइन गुरुकुल द्वारा राज्योत्सव मैदान अटल नगर में एक अद्वितीय आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में मार्गदर्शन और दिव्यता की अनुभूति कराना था।

'परम दिव्य शक्ति की पहचान' पर आधारित इस शिविर में ध्यान, साधना और आंतरिक ऊर्जा जागरूकता की विशेष विधियां सिखाई गईं, ताकि लोग अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। इस अद्वितीय आयोजन में दुनियाभर के विभिन्न धर्मों के साधु और गुरु एक साथ उपस्थित हुए, जो एक अनोखे समागम का हिस्सा बने। यह शिविर न केवल भव्य था, बल्कि दिव्य और आलौकिक रूप से भी अत्यंत प्रभावशाली था। गुरु दिव्यादिनंत ने इस अवसर पर परम दिव्य शक्ति और ईश्वर के साक्षात्कार की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि परम दिव्य शक्ति, परमेश्वर और परमात्मा के साक्षात्कार से जीवन में किस प्रकार की शांति और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है।

एसबीएच ने महिला दिवस पर की विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की घोषणा

रायपुर। साईं बाबा अस्पताल (एसबीएच) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की घोषणा की है। अस्पताल ने 60 वर्ष से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त ओपीडी सेवा देने की घोषणा की है। इसके अलावा अस्पताल में अब मोतियाबिंद सर्जरी केवल 2000 रुपए की शुरुआती दर से की जाएगी। साथ ही समाज की उन लड़कियों के लिए, जो अपनी आंखों में चश्मे के कारण विभिन्न प्रकार के बाधाओं से गुजर रही है, उनके लिए चश्मा हटाने का फ्री लेसिक ट्रीटमेंट अस्पताल शुरू कर रही है। यह ट्रीटमेंट निशुल्क होगा। इसके लिए अंत्योदय गरीबी रेखा कार्ड होना जरूरी है। एसबीएच के डायरेक्टर्स, डॉ. आशीष महोबिया और डॉ. स्वाति महोबिया ने कहा कि हमारे अस्पताल का उद्देश्य सिर्फ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना नहीं है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और हर व्यक्ति को सस्ती दर पर प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर

रायपुर। टैगोर नगर स्थित देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका अग्रवाल और मृणालिनी अग्रवाल द्वारा महिलाओं के गर्भाशय के मुख कैंसर की स्क्रीनिंग निशुल्क की गई। करीब 40 युवतियों और महिलाओं ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर के लिए खून जांच, पानी की जांच और वैक्सीनेशन रियायती दरों पर किया गया। यह स्वास्थ्य सेवाएं ल्यूपिन, एबॉट और सीरम इंस्टीट्यूट के सहयोग से प्रदान की गईं। इस शिविर को सफल बनाने में देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल के स्टॉफ, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी और एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने अहम भूमिका निभाई।

निगम और जोन की कार्यप्रणाली से अवगत हो रहे निर्वाचित पार्षद जोन कमिश्नर के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निकाय चुनाव में विभिन्न वार्डों से चुनाव जीतकर पार्षद बने नवनिर्वाचित पार्षदों को निगम के कार्यकलाप से अवगत कराने और जोन की कार्यप्रणाली की जानकारी देने बैठक आयोजित की जा रही है। अलग-अलग जोन में जोन कमिश्नर निर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपने जोन की गतिविधियों से अवगत करा रहे हैं। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नये पार्षदों के साथ परिचय का यह सिलसिला जोनवार चल रहा है।

इसी कड़ी में मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में जोन कमिश्नर एके हालदार ने निर्वाचित वार्ड पार्षदों को जोन कार्यालय आमंत्रित कर उनके साथ परिचय कराने बैठक की। बैठक में वीर सावरकर वार्ड पार्षद संदीप साहू, जवाहरलाल नेहरू वार्ड पार्षद भगत राम हरवंश, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड पार्षद प्रीतम सिंह, रामकृष्ण परमहंस वार्ड पार्षद अमन सिंह ठाकुर, शहीद भगत सिंह वार्ड पार्षद गायत्री चंद्राकर, माधवराव सप्रे वार्ड पार्षद महेन्द्र औसर, संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव शामिल रहे। जोन 8 जोन कमिश्नर ने नवनिर्वाचित पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग देने की अपील की। साथ ही वार्डों में सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट प्रबंधन की स्थिति पर जानकारी लेकर चर्चा की।

इसी तरह जोन 3 में जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 7 में जोन कमिश्नर रमाकांत साहू ने जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों को आमंत्रित कर परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान जोन की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही निर्वाचित पार्षदों को जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाइल संपर्क नंबर दिये।

■ महापौर के निर्देश पर जोनवार चल रहा बैठक का सिलसिला

रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी दो माह में 18 योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

■ बीते साल 161 नई योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। नए साल में नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। दो माह में महज 18 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी में जहां 11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं फरवरी में महज सात योजनाओं का ही पंजीयन हुआ है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

प्रथम पेज के शेष ...

शराब घोटाला : एपी त्रिपाठी...

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एएस ओक की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में दर्ज किए गए निष्कर्षों पर विचार करने के बाद अपीलकर्ताओं को जमानत दी जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इससे जांच किसी भी तरह प्रभावित नहीं होगी। कोर्ट के आदेश के अनुसार, आरोपियों को 10 अप्रैल 2025 को जमानत पर रिहा किया जाएगा, लेकिन उन्हें कुछ सख्त शर्तों का पालन करना होगा। आरोपियों को अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। साथ ही उन्हें हर सुबह 10 बजे जांच अधिकारी के सामने हाजिरी देनी होगी। साथ ही अगर आरोपपत्र दायर किया जाता है तो आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। सत्र न्यायालय अन्य शर्तों के साथ जमानत पर रिहाई की प्रक्रिया पूरी करेगा।

प्रशिक्षण के दौरान...

बताया जा रहा है, घटना दिनांक को तड़के सभी एसआई अभ्यर्थियों की फिजिकल एक्टिविटी कराई जा रही थी। इस दौरान अभ्यर्थियों को ट्रैक पर दौड़ने के लिए कहा गया। राजेश कुछ दूरी तय कर पाया। इसके बाद दौड़ते हुए उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गश खाकर गिर गया। पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिलाने में लगी पुलिस की टीम राजेश को तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश की मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने की है।

अस्पताल की दुकानों से...

लिखी जाने वाली दवा उसी की दुकानों में मिलती है और आईपीडी के मरीजों को वहीं से खरीदी करने दबाव बनाया जाता है। अस्पताल के भीतर संचालित होने वाली इन दवा दुकानों में मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर एमआरपी में दवाएं थमाई जाती हैं, जिसकी वजह से उन्हें बाजार से अधिक कीमत पर दवा मिलती है। पिछले दिनों खम्हारडीह में रहने वाले वासुदेव जोतवानी ने निजी अस्पतालों में दवा की बिक्री के नाम पर की जाने वाली लूट की शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने तमाम निजी अस्पताल, नर्सिंग होम के संचालकों को नोटिस जारी कर इस रिवाज को बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मरीजों को अनिवार्य रूप से प्रिस्किप्शन की पर्ची दी जाए, जिसके माध्यम से वे मनचाहे मेडिकल स्टोर्स में जाकर दवा खरीद सकें। उन पर अस्पताल की ही दवा दुकान में खरीदी करने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित अस्पताल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फंड की कमी, खुद का...

लगभग छात्र व पालक शामिल होंगे। क्षमता से दोगुने व्यक्तियों के शामिल होने के कारण विवि ने अपना वेन्यू परिवर्तित किया है। नया ऑडिटोरियम भी विवि कैंपस में ही प्रस्तावित है। इसे बनाने के लिए 35 करोड़ का बजट अनुमानित है। विवि प्रबंधन द्वारा बीते दीक्षांत आयोजन के दौरान अगला दीक्षांत अपने कैंपस के नए ऑडिटोरियम में कराने और इसके लिए प्रयासरत होने की बात कही गई थी। लेकिन यह संभव नहीं हो सका। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विवि होने के कारण इसे राज्य शासन से फंडिंग नहीं होती है। राज्य सरकार द्वारा जो राशि दी जाती है, वो रविवि तथा प्रदेश के अन्य विवि की तुलना में कम है। आय का मुख्य स्त्रोत यहां छात्रों की फीस ही होती है।

रायपुर में होंगे ग्रीन आर्मी के 25 जोन

रायपुर। पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी का शपथ ग्रहण वीआईपी रोड श्री राम मंदिर कांफ्रेंस हॉल में हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ते हुए अब वर्ष 2025 में 25 जोन बनाकर कार्य करेगी। शपथ ग्रहण के अवसर पर लगभग 100 से अधिक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत अभिनंदन रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे बतौर शपथ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न जोन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए ग्रीन आर्मी की गतिविधियों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। साथ ही ब्रेन पॉल्यूशन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति को योजना बनाकर एवं लक्ष्य निर्धारित कर छोटे स्तर में ही सही, किंतु सही दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

विभिन्न देशभक्तों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि बड़ा कार्य करने के लिए अपने संकुचित एवं आरामदायद जीवन से बाहर निकलें, तभी बड़े बन सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मोनिका बागरेचा ब्लू विंग अध्यक्ष ने तथा आभार भारती श्रीवास्तव ने व्यक्त कमिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने की अपील की गई।

बाइसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क में ट्रांसलोकेट कर शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी मेडिसिन के डॉट लगाने से मौत की घटना के बाद लापरवाह डॉक्टर को संरक्षण देने के वन्यजीव प्रेमी आरोप लगा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि जंगल सफारी में चौसिंगा की मौत के लिए जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। बावजूद विभागीय अफसरों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के बजाय उसे बारनवापारा शिफ्ट कर दिया। बाद में उसे पुनः वापस जंगल सफारी बुला लिया। इसके चलते हाल के दिनों में जंगल सफारी में साही की मौत होने के साथ नागालैड से ला रहे हिमालयन भालू की मौत हुई है।

बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे सब एडल्ट मादा बायसन को ट्रैक्यूलाइज करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाया गया था, वह कालातीत हो गया था। कालातीत डॉट लगाने की वजह से बायसन को होश नहीं आया और लंबे समय तक बेहोशी की हालत में होने की वजह से बायसन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बायसन की मौत एक्सपायरी दवा से होने की बात की पुष्टि होने के बाद वन अफसरों ने आनन-फानन में डॉक्टर से सारे अधिकार छीन लिए और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ तत्काल पीओआर दर्ज कर उनके निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन अफसरों ने ऐसा नहीं किया।

बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

अब तक नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

जिस डॉक्टर की लापरवाही से बायसन की मौत के आरोप लग रहे हैं, वह डॉक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्रतिनियुक्ति पर जंगल सफारी में आए हैं। उक्त डॉक्टर के खिलाफ ईओडब्लू में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। ईओडब्लू विभाग को अभियोजन स्वीकृति देने पूर्व में पत्र भी लिख चुका है। बावजूद इसके विभाग ने अब तक अभियोजन स्वीकृति की अनुमति नहीं दी है। ऐसे में वन्यजीव प्रेमी विभागीय अफसरों पर डॉक्टर को प्रश्रय देने का आरोप लगा रहे हैं।

अब तक जमा नहीं किया सरकारी वाहन

बायसन की मौत की घटना होने के बाद सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने डॉक्टर के सभी अधिकार वापस लेते हुए उन्हें तत्काल सरकारी वाहन जमा करने निर्देश दिए। अफसर के निर्देश के बाद भी डॉक्टर ने अब तक सरकारी वाहन विभाग के पास जमा नहीं किया है। इस संबध में जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि डॉक्टर आज सरकारी गाड़ी जमा करेंगे।

अपराध दर्ज करने अफसर पूर्व में कर चुके हैं अनुसंशा

जंगल सफारी में वसुंधरा नामक शेरनी को एक साल में दो बार गर्भधारण कराने का डॉक्टर पर आरोप लग चुका है। आरोप की पुष्टि होने के बाद डॉक्टर पर सरकारी दस्तावेजों में सफेदा लगाकर छेड़खानी करने का आरोप है। सरकारी दस्तावेज में छेड़खानी करने के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्कालीन जंगल सफारी डायरेक्टर एम. मर्सिबेला ने एफआईआर दर्ज करने की अनुसंशा की थी। बावजूद इसके वन अफसरों ने डॉक्टर के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। घटना सात से आठ साल पूर्व की है।

प्रैक्टिस में इंडिया मास्टर्स ने बहाया पसीना, आज वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरेंगे दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। मास्टर लीग में इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडिज मास्टर्स के बीच शाम 7.30 बजे से मैच शुरू होगा। शुक्रवार को टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने शाम को स्टेडियम में प्रैक्टिस सत्र में पसीना बहाया। युवराज सिंह लंबे छक्के लगाते नजर आए, जबकि नमन ओझा, इरफान पठान और यूसुफ पठान ने गेंदबाजी तथा बल्लेबाजी का अभ्यास किया। प्रैक्टिस सत्र के दौरान सचिन तेंदुलकर भी नजर आए। टीम इंडिया आज अपनी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। खिलाड़ियों ने मैच के लिए प्रैक्टिस सत्र में बारीकी से तैयारी की है, और कोचिंग स्टाफ ने भी सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है। बता दें कि इस मैच में जीत के साथ ही इंडिया की सेमीफाइनल की राह और आसान हो जाएगी। ऐसे में आज का मैच दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

- इंडिया ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी का किया अभ्यास

स्टेडियम में पहुंचे क्रिकेट प्रेमी

प्रैक्टिस सत्र में क्रिकेट के लीजेंड खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम तक क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ उमड़ी थी। हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी आज स्टेडियम में मैच देखने पहुंचेगे।

रायपुर में नहीं मिली है हार

इंडिया के लीजैंड खिलाड़ियों के लिए राजधानी का स्टेडियम लकी बन चुका है। अब तक यहां खेले गए रोड सेफ्टी लीग मैचों में सचिन तेंदुलकर समेत अन्य स्टार खिलाड़ियों को जीत हासिल हुई है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिहाज से यह मैदान भारतीय टीम के लिए अनुकूल साबित हुआ है। अब सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली टीम मास्टर लीग में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एक बार फिर इस मैदान पर उतरने जा रही है। इस बार भी स्टेडियम में मैच देखने के लिए हजारों दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। मैच की टिकट ऑनलाइन बेची जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठा सकेंगे।

खबर संक्षेप

महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के जादवानी फिर अध्यक्ष

रायपुर। जवाहर नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आमसभा का आयोजन राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण दिया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष संजय जादवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विशिष्ट कार्यों का विवरण देते हुए संस्था के बारे में बताया। अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भंग होने की घोषणा की एवं चुनाव अधिकारी द्वय विक्रम सिंह देव एवं घनश्याम पोद्दार को सभा के संचालन एवं चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने आमंत्रित किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि उन्हें निर्धारित समय तक कोई भी आवेदन अध्यक्ष पद के लिए नहीं मिला है, अतः उपस्थित व्यापारी सदस्यों से ही उन्होंने सदस्य अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किया। जैन विकास सिपानी ने पूर्व अध्यक्ष श्री जादवानी का नाम पुनः प्रस्तावित किया, जिसका उपस्थित सदन ने करतल ध्वनि के साथ अनुमोदन किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 25 के नवनिर्वाचित पार्षद अवतार बागल भी उपस्थित थे, संघ के सदस्यों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

अपील समिति के सदस्य भी निर्विरोध चुने गए

राठौर का चमका सूर्य, निर्विरोध बन गए निगम के सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार रायपुर नगर निगम में कोई पार्षद निर्विरोध सभापति पद के लिए चुना गया। नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को सभापति पद के लिए चुनाव होना था। भाजपा रिकार्ड बहुमत के साथ सत्ता में आई है, इसलिए भाजपा पार्षदों की ओर से सर्वसम्मति से इस चुनाव में रमण मंदिर वार्ड से लगातार पांचवी बार जीत हासिल करने वाले वरिष्ठ पार्षद सूर्यकांत राठौर को सभापति पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया था। उन्होंने अपना नामांकन भी दाखिल किया। उनके अलावा चुनाव में कांग्रेस की ओर से या निर्दलीय पार्षदों में किसी ने भी नामांकन नहीं भरा। इस तरह कलेक्टर एवं चुनाव पीठासीन अधिकारी गौरव सिंह ने सूर्यकांत राठौर को निर्विरोध सभापति घोषित किया। इसके पहले भाजपा ने सभापति पद के लिए सूर्यकांत राठौर को ही प्रत्याशी बनाया। इसी के साथ हरिभूमि की खबर पर मुहर भी लग गई। हरिभूमि ने ही दो मार्च के अंक में राठौर का चमक सकता है सूर्य, सभापति के लिए पैनल में तीन नाम, सूर्यकांत का नाम पहले नंबर पर, शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था।

खबर पर मुहर

राठौर ने निर्विरोध सभापति बन कर रचा इतिहास

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यह पहली बार हुआ है, जब नगर निगम रायपुर में कोई पार्षद सभापति पद पर निर्विरोध चुना गया हो। इससे पहले मध्यप्रदेश के जमाने में निगम मुख्यालय में सभापति पद के लिए सुनील सोनी निर्विरोध चुने गए थे। उस समय निगम में कांग्रेस की सत्ता थी और महापौर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गजराज पगारिया थे। इस तरह कई वर्षों के बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद यह पहला मौका है जब कोई निर्विरोध सभापति चुना गया हो। इस तरह सूर्यकांत राठौर का निर्विरोध चुना जाना छत्तीसगढ़ के इतिहास में नया रिकार्ड भी है।

राठौर का चमक सकता है सूर्य, सभापति के लिए पैनल में तीन नाम, पहले नंबर पर सूर्यकांत

सभापति व सदस्यों को दी बधाई, खिलाई मिठाई

महापौर मीनल चौबे, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप सहित सभी पार्षदों ने निर्विरोध सभापति चुने जाने पर सूर्यकांत राठौर सहित अपील समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महापौर ने कहा कि सभापति बने सूर्यकांत राठौर वरिष्ठ पार्षद के साथ काफी अनुभवी हैं। उनके अनुभव का शहर की जनता को भी लाभ मिलेगा। सभापति और अपील समिति सदस्यों का चुनाव होने के बाद निगम मुख्यालय में जमकर मिठाई बांटी गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सभी पार्षदों ने इस जीत की खुशियां मनाई।

24 को आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विधायकों को करेंगी संबोधित

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगी। इस दौरान वे विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और इसे लेकर हाई लेवल पर बैठक हो चुकी है। विधानसभा सत्र के दौरान पहले भी राष्ट्रपति राजधानी प्रवास पर आते रहे हैं।

वर्तमान में विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है जो 21 मार्च को समाप्त होगा। इसके बाद 24 मार्च को राष्ट्रपति के आगमन पर विधानसभा में फिर रौनक होगी। विधानसभा से जुड़े उच्च सूत्रों के अनुसार उनके आगमन को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, हालांकि अभी राष्ट्रपति भवन से उनके आगमन कार्यक्रम की अधिकृत जानकारी आने का इंतजार किया जा रहा है। दूसरी ओर उनके आगमन को लेकर शासन स्तर पर बैठक शुरू हो चुकी है। गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह द्वारा बैठक ली गई है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत समेत तमाम मंत्री और विधायक मौजूद थे।

वार्षिक परीक्षा के लिए कॉलेजों को 1.40 करोड़ देगा रविवि

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि स्वयं से संबद्ध महाविद्यालयों को 1 करोड़ 40 लाख 10 हजार रुपए प्रदान करेगा। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। रविवि संबद्ध महाविद्यालयों को परीक्षा खर्च के लिए आवश्यक राशि प्रदान करता है। सामान्यतः रविवि यह राशि परीक्षा समाप्त होने के बाद देता है। परीक्षा और मूल्यांकन संबंधित कार्यों को लेकर हुई प्राचार्यों की बैठक में यह मुद्दा भी उठा था। इस पर प्राचार्यों का कहना था कि परीक्षा कार्य की राशि अग्रिम रूप से प्रदान की जाए ताकि उन्हें फंड को लेकर दिक्कत ना हो। रविवि ने कार्यपरिषद में 80 महाविद्यालयों को राशि प्रदान करने स्वीकृति दी है।

- रविवि से संबद्ध 80 महाविद्यालयों को प्रदान की जाएगी अग्रिम राशि

67 लाख 70 हजार के उपकरण

रविवि को केंद्र सरकारी द्वारा पर्स नामक एक प्रोजेक्ट बीते वर्ष प्रदान किया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीदी के लिए भी सहमति कार्योपरांत दी गई है। रविवि 67 लाख 70 हजार के उपकरण इसके लिए खरीद चुक है। इसके भुगतान को लेकर सहमति परिषद ने जताई है। अन्य वित्तीय निर्णय भी रविवि द्वारा लिए गए हैं। इसमें प्राध्यापकों को अर्जित अवकाश की राशि प्रदान किए जाने से लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी को सीपीएफ का भुगतान भी शामिल है।

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025
8 मार्च 2025
haribhoomi.com

GLOBAL STAR HOSPITAL

उम्मीद से जीवन तक...

ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल आपके साथ!

1st ANNIVERSARY

1 साल सेवा का
विश्वास 15,000 से अधिक संतुष्ट मरीजों का
विश्वास 3,000 से अधिक सर्जरी का

क्यों चुनें ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल?

- हजारों सफल सर्जरी और बेहतरीन उपचार परिणाम
- अनुभवी डॉक्टर और प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ
- अत्याधुनिक तकनीकों से लैस चिकित्सा सेवाएँ
- अनुभवी और सेवा के लिए तत्पर नर्सिंग स्टाफ
- साफ़ सफाई और खान पान पर विशेष ध्यान

सेवाएं उपलब्ध

- 40 बिस्तरो का मॉडयूलर आई.सी.यू.
- अस्थि रोग चिकित्सा एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- किडनी रोग एवं डायलिसिस विंग
- मूत्र रोग एवं पथरी का ईलाज
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी
- न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
- स्त्री रोग एवं प्रसूति की सुविधा
- एमआरआई, सीटी स्कैन की सुविधा
- दंत और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी

डॉ. जयवर्धन सिंह
डायरेक्टर

डॉ. प्रकाश अग्रवाल
डायरेक्टर

150 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल

0771-3104444/45

दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड -1,
डी मार्ट के पास, रायपुर (छ.ग.)



स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं का योगदान सेवा, समर्पण और सफलता की कहानी

स्वास्थ्य क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपर्ण रहा है। नर्सिंग से लेकर डॉक्टर, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, फार्मासिस्ट, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता तक, महिलाएं हर स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। वे न केवल मरीजों की सेवा कर रही हैं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और अनसंधान में भी अग्रणी भमिका निभा रही हैं।

चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका

(A) डॉक्टर और सर्जन के रूप में योगदानमहिलाएं आज चिकित्सा के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट), हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट), न्यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक सर्जन और सामान्य चिकित्सक के रूप में वे सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।डॉ. अंजली चंद्रा, जो कि एक प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट हैं, उन्होंने हार्ट डिजीज से जुड़ी कई नई खोजें की हैं।

डॉ. अपर्णा भसीन, एक प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन, जो हजारों मरीजों का सफल इलाज कर चुकी हैं।

(B) नर्सिंग और पैरा-मेडिकल स्टाफ में योगदाननर्सिंग के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। वे न केवल मरीजों की सेवा करती हैं बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी जान बचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को "मॉडर्न नर्सिंग की जननी" कहा जाता है, जिन्होंने नर्सिंग के क्षेत्र को नई पहचान दी।

भारत में भी लाखों महिलाएं एएनएम (Auxiliary Nurse Midwife), जीएनएम (General Nursing and Midwifery) और बीएससी नर्सिंग कर रही हैं और अस्पतालों, क्लीनिकों और ग्रामीण

स्वास्थ्य क्षेत्र में महिला वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का योगदान

(A) चिकित्सा अनुसंधान में महिलाओं की भूमिकामहिला वैज्ञानिकों ने चिकित्सा अनुसंधान में भी अहम योगदान दिया है।

डॉ. इंदिरा हिंदुजा ने भारत की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी का सफल प्रयास किया।

डॉ. रेणु स्वरूप, जो जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी शोध कर चुकी हैं। महिलाओं द्वारा किए गए शोध कैंसर, हृदय रोग, मानसिक स्वास्थ्य और दवा निर्माण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।

(B) फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी में महिलाओं की भूमिकामहिलाएं फार्मास्युटिकल कंपनियों और बायोटेक्नोलॉजी में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। वे दवाइयों के अनुसंधान, वैक्सीन निर्माण और नए इलाज विकसित करने में योगदान दे रही हैं। कोविड-19 के दौरान महिलाओं ने वैक्सीन रिसर्च में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

महामारी और आपातकालीन स्थितियों में महिला स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका

महामारी जैसे संकट के समय महिला डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों ने दिन-रात सेवा दी। कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में काम किया और लाखों जिंदगियों को बचाया।

डॉ. स्वाति मेहता, जो कोविड-19 मरीजों का इलाज करते हुए खुद संक्रमित हो गई लेकिन फिर भी अपने कर्तव्य पर डटी रहीं।नर्स अंजलि शर्मा, जिन्होंने 18-18 घंटे की शिफ्ट में काम किया और मरीजों की सेवा की।

नारी सशक्तिकरण: समाज की असली शक्ति

नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के उज्जवल भविष्य की नींव है। जब एक नारी सशक्त होती है, तो वह सिर्फ खुद को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाती है। सशक्त नारी वह होती है, जो अपने अधिकारों को पहचानती है, आत्मनिर्भर बनती है और हर चुनौती का सामना करने का साहस रखती है।आज की नारी शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति, विज्ञान और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। लेकिन सशक्तिकरण सिर्फ अवसर देने तक सीमित नहीं, बल्कि उसे सही निर्णय लेने, अपनी आवाज उठाने और समानता का अधिकार देने से पूर्ण होता है।

हमें एक ऐसा समाज बनाना है, जहाँ बेटियों को बेटों के समान समझा जाए, जहाँ महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आगे बढ़ने की पूरी स्वतंत्रता मिले। नारी कोई अबला नहीं, वह शक्ति, प्रेम, बुद्धि और साहस की प्रतिमूर्ति है। हम सब मिलकर हर नारी को प्रोत्साहित करें, उसकी सफलता में भागीदार बनें और एक सशक्त समाज की नींव रखें। क्योंकि जब

ग्रामीण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महिलाओं की भूमिका

(A) आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सेविकाएंग्रामीण भारत में आशा (Accredited Social Health Activist) कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सेविकाएं महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे गर्भवती महिलाओं की देखभाल करती हैं।नवजात शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी करती हैं।टीकाकरण और पोषण योजनाओं को लागू करने में मदद करती हैं।भारत में 10 लाख से अधिक आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बन चुकी हैं।

(B) मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में योगदानमहिलाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे गर्भावस्था देखभाल, सुरक्षित प्रसव, स्तनपान जागरूकता और कुपोषण से लड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं।



संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल

छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक सम्पूर्ण कैंसर हॉस्पिटल जहां एक ही छत के नीचे निम्नलिखित एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध

कैंसर सर्जरी

कीमोथेरपी

रैपिड आर्क रेडियोथेरपी

रोबोटिक कैंसर सर्जरी


PET स्कैन

3D 4K लैपरोस्कोपिक कैंसर सर्जरी

मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त

UNIT I

UNIT II

UNIT III

संजीवनी व काले हॉस्पिटल
का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र जगदलपुर में

संजीवनी व श्रीराम केयर हॉस्पिटल
का संयुक्त उपक्रम अतिशीघ्र बिलासपुर में

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर 7389905010, 7389904010, 07714081010, 4061010

विश्व महिला दिवस विशेष

MMR HOSPITAL

MMR HOSPITAL IVF & KIDNEY CARE CENTER

मातृत्व सुख पाना अब पूर्णतः संभव

आइये जानते हैं कुछ महत्वपूर्ण हेल्थ टिप्स राजधानी रायपुर स्थित MMR HOSPITAL (IVF & KIDNEY CARE CENTER) की प्रसिद्ध IVF स्पेशलिस्ट एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराधा टिबरेवाल चौधरी से..

महिलाओं के लिए मातृत्व का सुख जीवन की सबसे अनमोल अनुभूतियों में से एक होता है। लेकिन जब नि:संतानता (Infertility) की समस्या सामने आती है, तो यह कई जोड़ों के लिए चिंता और निराशा का कारण बन जाती है। हालांकि IVF (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) एक प्रभावी समाधान है, परंतु यह एकमात्र विकल्प नहीं है। कई ऐसे उपाय और तकनीकें हैं जिनकी मदद से बिना IVF के भी संतान सुख पाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर, आइए जानते हैं कि किन उपायों से यह संभव है।

बिना IVF के भी संतान सुख की प्राप्ति संभव

1. लाइफ स्टाइल और डाइट में बदलाव:

स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार से प्रजनन क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है।

- हरी पत्तेदार सब्जियाँ, फल, नट्स और डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करें।
- कैफीन और अल्कोहल का सेवन सीमित करें।
- रोजाना व्यायाम करें लेकिन अत्यधिक वर्कआउट से बचें।

2. ओव्यूलेशन ट्रैकिंग और नैचुरल कंसीविंग तकनीकें:

- महिलाओं को अपने ओव्यूलेशन साइकिल को ट्रैक करना चाहिए ताकि सही समय पर गर्भधारण की संभावना बढ़ाई जा सके।
- Ovulation predictor kits और Basal body temperature चार्टिंग मददगार साबित हो सकते हैं।
- Timed Intercourse यानी सही समय पर संबंध बनाने से गर्भधारण के चांस बढ़ते हैं।

3. दवाइयों से उपचार (Ovulation Induction Therapy):

कुछ महिलाओं में अंडाणु का सही निर्माण नहीं होता, ऐसे में डॉक्टर Ovulation Induction Therapy देते हैं। इसमें दवाओं के ज़रिए अंडाणु बनने की प्रक्रिया को उत्तेजित किया जाता है।

4. IUI (Intrauterine Insemination) – IVF के बिना संतान सुख का एक उपाय:

यदि प्राकृतिक रूप से गर्भधारण संभव नहीं हो रहा है, तो IUI (इंट्रायूटेरिन इनसेमिनेशन) एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें पुरुष के शुक्राणु को विशेष तकनीक से तैयार कर सीधे महिला के गर्भाशय में डाला जाता है, जिससे गर्भधारण की संभावना बढ़ जाती है।

5. पुरुषों की प्रजनन क्षमता का ध्यान रखना भी जरूरी:

नि:संतानता केवल महिलाओं की समस्या नहीं होती, पुरुषों में भी स्पर्म क्वालिटी की समस्या हो सकती है। इसलिए जीवनशैली में सुधार, पोषक तत्वों से भरपूर डाइट और डॉक्टर की सलाह से सही ट्रीटमेंट लेना जरूरी है। शुक्राणु की संख्या (SPERM COUNT) 0 या Nil होने पर भी बायोलॉजिकल संतान प्राप्ति संभव है |

6. हॉर्मोनल असंतुलन और थायरॉयड का इलाज:

PCOS (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम), थायरॉयड और हॉर्मोनल असंतुलन के कारण भी गर्भधारण में दिक्कतें आती हैं। समय पर इनका निदान और उपचार करने से बिना IVF के भी गर्भधारण संभव हो सकता है।

निष्कर्ष:

नि:संतानता का मतलब यह नहीं कि संतान सुख के लिए केवल IVF ही एकमात्र विकल्प है। सही खान-पान, हेल्दी लाइफस्टाइल, ओव्यूलेशन ट्रैकिंग, IUI और दवाइयों की मदद से भी प्राकृतिक रूप से गर्भधारण किया जा सकता है। यदि आप गर्भधारण की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सफलता नहीं मिल रही,तो किसी अनुभवी फर्टिलिटी एक्सपर्ट से सलाह लेना जरूरी है।
महिला दिवस के इस खास मौके पर, हम सभी महिलाओं को सम्मान देते हैं और यह संदेश देना चाहते हैं कि हर महिला मातृत्व का सुख प्राप्त कर सकती है— जरूरत है तो बस सही मार्गदर्शन और धैर्य की!

उपलब्ध सुविधाएँ

- आई यू आई
- विट्रीफिकेशन
- एंड्रोलॉजी
- आई वी एफ
- ब्लास्टोसिस्ट
- पी जी टी - एम

नि: संतानता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराधा टीबरेवाल चौधरी

Director: MMR Hospital & IVF Center
MD (OBGYN) FRM, FICOG, FMAS,
Infertility/IVF-ICSI Specialist, Laparoscopic Surgeon, Consultant in Reproductive Medicine.
Speciality in Male Infertility

क्या आपको इनमें से कोई समस्या है ?

* एक साल से भी ज्यादा समय से गर्भधारण की कोशिश ।
* एक से अधिक गर्भपात
* एक से अधिक आई यू आई या आईवीएफ विफलता ।
* रिपोर्ट्स सामान्य लेकिन गर्भ धारण करने में असमर्थ ।
* कम शुक्राणु संख्या या कोई शुक्राणु नहीं।
* पीसीओएस, निरुद्ध गर्भाशय नाल, बच्चेदानी में गाँठ होना या यूटेरीन फाइब्रोइड्स जैसी समस्याएँ है।
* दूसरी राय लेना चाहते हैं।

संपर्क करें :- +919244122040, 9244122041

Plot No. C : 132-133, Sector-9, Kamal (Kaushalya Mata) Vihar, Raipur (C.G.)

अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान नवाचार और प्रगति की दिशा में बढ़ते कदम

अनसंधान (Research) का क्षेत्र किसी भी देश की प्रगति और विकास का आधार होता है। विज्ञान, चिकित्सा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी और समाजशास्त्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किए गए शोध मानवता के भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इस क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपर्ण रहा है। ऐतिहासिक रूप से कई बाधाओं के बावजद, महिलाओं ने विज्ञान और अनसंधान में उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं और आज वे वैश्विक स्तर पर शोध एवं नवाचार में अग्रणी भमिका निभा रही हैं।

अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान

(A) चिकित्सा अनुसंधान में महिलाओं की भूमिकामहिला वैज्ञानिकों ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध किए हैं, जिनकी बदौलत आज हम कई बीमारियों के इलाज और रोकथाम में सफल हो पाए हैं।मैरी क्यूरी (Marie Curie) – रेडियोधर्मिता (Radioactivity) पर किए गए उनके शोध ने कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव किए।डॉ. इंदिरा हिंदुजा – भारत की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक की खोज में योगदान दिया।डॉ. गगनदीप कंग – भारत में वैक्सीन अनुसंधान में अग्रणी वैज्ञानिक, जिन्होंने रोटावायरस वैक्सीन विकसित करने में मदद की।

(B) अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान में महिलाओं की भूमिकाखगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान में महिलाओं ने कई महत्वपूर्ण खोजें की हैं।डॉ. कल्पना चावला – भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री, जिन्होंने नासा में महत्वपूर्ण अनुसंधान किया।डॉ. रितु करिधल – भारत के चंद्रयान-2 मिशन में मिशन डायरेक्टर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।डॉ. टेसी थॉमस – ₹मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया₹, जिन्होंने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) में मिसाइल तकनीक पर काम किया।

(C) पर्यावरण और जलवायु अनुसंधान में महिलाओं का योगदानपर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महिला वैज्ञानिकों ने कई महत्वपूर्ण शोध किए हैं।सुनीता नारायण – पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर शोध कर रही हैं और भारत में सतत विकास के लिए कार्य कर रही हैं।वंदना शिवा – जैव विविधता संरक्षण और सतत कृषि पर अनुसंधान कर रही हैं।

(D) जैव प्रौद्योगिकी और फार्मास्युटिकल अनुसंधानमहिलाएं अब दवा और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।डॉ. किरण मजूमदार शॉ – बायोकॉन (Biocon) की संस्थापक, जिन्होंने भारत में बायोटेक रिसर्च को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।डॉ. रेणु स्वरूप – जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की प्रमुख वैज्ञानिक, जिन्होंने वैक्सीन और दवा अनुसंधान में योगदान दिया।

अनुसंधान में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियां

हालांकि महिलाएं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन उन्हें कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है:-

लैंगिक असमानता – अनुसंधान संस्थानों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में कम है।

वेतन और पदोन्नति में भेदभाव – महिलाओं को पुरुष वैज्ञानिकों की तुलना में कम वेतन और कम अवसर मिलते हैं।

परिवार और करियर में संतुलन – महिलाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों और अनुसंधान कार्य के बीच संतुलन बनाना कठिन होता है।

अनुदान और रिसर्च फंडिंग में कठिनाई – महिला वैज्ञानिकों को अनुसंधान के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने में अधिक संघर्ष करना पड़ता है।

अनुसंधान में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकारी योजनाएं

भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठन महिलाओं को अनुसंधान में प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं:

INSPIRE (Innovation in Science Pursuit for Inspired Research) कार्यक्रम – विज्ञान में महिलाओं को शोध करने के लिए प्रेरित करता है।

WISE (Women Scientist Scheme) – महिला वैज्ञानिकों को अनुसंधान में आगे बढ़ाने के लिए अनुदान देती है।

SERB Power Fellowship – विज्ञान और अनुसंधान में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

नारी सशक्तिकरण: समाज की असली शक्ति

नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के उज्जवल भविष्य की नींव है। जब एक नारी सशक्त होती है, तो वह सिर्फ खुद को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाती है। सशक्त नारी वह होती है, जो अपने अधिकारों को पहचानती है, आत्मनिर्भर बनती है और हर चुनौती का सामना करने का साहस रखती है।आज की नारी शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति, विज्ञान और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। लेकिन सशक्तिकरण सिर्फ अवसर देने तक सीमित नहीं, बल्कि उसे सही निर्णय लेने, अपनी आवाज उठाने और समानता का अधिकार देने से पूर्ण होता है।

हमें एक ऐसा समाज बनाना है, जहाँ बेटियों को बेटों के समान समझा जाए, जहाँ महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आगे बढ़ने की पूरी स्वतंत्रता मिले। नारी कोई अबला नहीं, वह शक्ति, प्रेम, बुद्धि और साहस की प्रतिमूर्ति है। हम सब मिलकर हर नारी को प्रोत्साहित करें, उसकी सफलता में भागीदार बनें और एक सशक्त समाज की नींव रखें। क्योंकि जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा!

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥
Pre Accredited by NABH
हर महिला का स्वास्थ्य हमारे लिए ख़ास
विश्व महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों से कैंसर के उपचार सुविधा
अत्याधुनिक लेज़र पद्धति एवं मिनिमल इनवेसिव सर्जरी सुविधा
24x7 आपात चिकित्सा एवं क्रिटिकल केयर, ट्रामा केयर, हेड इंजुरी चिकित्सा, कार्डियक केयर
इस महिला दिवस
सभी प्रकार के हेल्थ चेकअप पर
20% OFF
वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर
रेडिएशन थेरेपी, कैंसर सर्जरी
कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी
टारगेट थेरेपी, हार्मोनल थेरेपी
पैलिएटिव केयर, न्यूट्रिशनल थेरेपी
विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ
• जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट • हृदय रोग एवं सर्जरी
• गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी • कैंसर रोग एवं सर्जरी
• इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
• मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी • श्वसन एवं छाती रोग
• मुत्र रोग, किडनी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी • नाक, कान व गला रोग
• वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी • पेन (दर्द) प्रबंधन
• बर्न व प्लास्टिक सर्जरी • दंत रोग एवं मेक्सिल्लोफेशियल सर्जरी
• स्त्री रोग • चर्म रोग
आयुष्मान भारत, बीजू स्वास्थ्य • कल्याण योजना (उड़ीसा) एवं सभी इंश्योरेंस • कंपनियों द्वारा केशलेस सुविधा
वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
कमल विहार रायपुर (छ.ग.)
0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital.in vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur
AdPRAYAS